आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 14.08.2026
समय 0720

**मुख्य समाचार :–**

- चमोली जिले के पीपलकोटी में निर्माणाधीन सुरंग में पानी रिसने और भूस्खलन होने से सात श्रमिकों की मौत, 18 घायल। बचाव अभियान जारी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में तिरंगा फहराकर 'हर घर तिरंगा' अभियान का संदेश दिया।
- मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेश में विभिन्न विकास योजनाओं और निर्माण कार्यों के लिए 190 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की।
- राज्य में आज 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य भारत विभाजन की त्रासदी और उससे प्रभावित लोगों के संघर्ष व बलिदान से नई पीढ़ी को अवगत कराना है।

**<u>सुरंग हादसा</u>**

चमोली जिले में पीपलकोटी के पास मायापुर स्थित टीएचडीसी की निर्माणाधीन सुरंग में कल शाम पानी रिसने और भूस्खलन होने से बड़ा हादसा हो गया। हमारे चमोली संवाददाता सुरेन्द्र रावत ने बताया कि सुरंग में फंसे करीब 28 श्रमिकों में से 25 को बाहर निकाल लिया गया। इनमें सात की मौत हो गई, जबकि 18 घायल हैं। शेष लोगों की तलाश के लिए राहत और बचाव अभियान जारी है। हादसे की सूचना मिलने के बाद जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, अग्निशमन और चिकित्सा दलों को तत्काल मौके पर भेजा गया। चमोली के जिलाधिकारी गौरव कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव अभियान की निगरानी की। घायलों को जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में भर्ती कराया गया है। उनकी स्थिति को देखते हुए बेस चिकित्सालय श्रीनगर और एम्स ऋषिकेश को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देर रात देहरादून स्थित राज्य आपदा परिचालन केंद्र में राहत और बचाव अभियान की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सुरंग में फंसे प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकालने को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए युद्धस्तर पर बचाव अभियान चलाने के निर्देश दिए।

**<u>हर घर तिरंगा</u>**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल मुख्यमंत्री आवास में तिरंगा फहराकर 'हर घर तिरंगा' अभियान का संदेश दिया। उन्होंने प्रदेशवासियों से घरों, प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थलों पर राष्ट्रध्वज फहराकर इस जनभागीदारी अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' राष्ट्र के प्रति समर्पण, एकता और गौरव की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रारंभ हुआ 'हर घर तिरंगा' अभियान आज जन–जन का अभियान बन चुका है। यह अभियान प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र निर्माण की भावना से जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने लोगों से राष्ट्रध्वज संहिता का पालन करते हुए बच्चों और युवाओं को भी तिरंगे के सम्मान और राष्ट्रप्रेम से जोड़ने का आह्वान किया।

**<u>तिरंगा यात्रा</u>**

हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेशभर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही हैं। बागेश्वर जिले के कपकोट और वज्यूला में भी भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर लोगों ने राष्ट्रध्वज के सम्मान और देश के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया। कपकोट में भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से केदारेश्वर मैदान से शहीद स्थल तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा के जिला महामंत्री संजय परिहार ने कहा कि इसके माध्यम से देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले वीर शहीदों को याद करने के साथ स्वतंत्रता का उत्सव मनाया जा रहा है। साथ ही युवाओं को देशभक्ति और राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है।

वहीं, वज्यूला में पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज से वज्यूला क्षेत्र तक स्कूली छात्र–छात्राओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता आलोक पांडे ने कहा कि तिरंगा देश के राष्ट्रीय गौरव और एकता का प्रतीक है।

उधर, चम्पावत जिले के टनकपुर बनबसा, चम्पावत, लोहाघाट, खेतीखान  आदि स्थानों में स्कूली छात्र–छात्राओं, आईटीबीपी और एसएसबी के जवानों के साथ ही स्थानीय लोगों और भाजपा द्वारा भी तिरंगा यात्रा निकालकर  देश प्रेम का संदेश दिया गया। अल्मोड़ और टिहरी सहित राज्य के विभिन्न जिलों में तिरंगा यात्रा निकाली गईं।

## मुख्यमंत्री अनुमोदन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में विभिन्न विकास योजनाओं और निर्माण कार्यों के लिए 190 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने पिथौरागढ़ में 12 मेगावाट की तांकुल जल विद्युत परियोजना के निर्माण के लिए 159 करोड़ 60 लाख रुपये तथा पर्यटक आवास गृह चौकोड़ी के उच्चीकरण और विस्तारीकरण के लिए 4 करोड़ 75 लाख रुपये की स्वीकृति का अनुमोदन किया है। इसके अलावा टिहरी, देहरादून और पौड़ी जिलों में सड़क निर्माण, सुदृढ़ीकरण और मरम्मत कार्यों के लिए करीब 14 करोड़ 24 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। पुलिस विभाग के लिए 75 नए वाहन खरीदने को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा दंगा नियंत्रण और जैमर वाहनों के अवशेष भुगतान समेत 12 करोड़ रुपये पुलिस महानिदेशक के निवर्तन पर रखे जाने का अनुमोदन किया गया है।

## विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

प्रदेश में आज 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य भारत विभाजन की त्रासदी और उससे प्रभावित लोगों के संघर्ष व बलिदान से नई पीढ़ी को अवगत कराना तथा उनकी स्मृतियों को सम्मानपूर्वक संजोना है। महानिदेशक, सूचना, बंशीधर तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में देहरादून में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें विभाजन प्रभावित परिवारों को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विभाजन के समय दिवंगत हुए सभी लोगों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा जाएगा। कार्यक्रम में मतुआ समुदाय के इतिहास, सांस्कृतिक विरासत और योगदान पर बनी लघु वृत्तचित्र की आधिकारिक स्क्रीनिंग की जाएगी। साथ ही, विभाजन विभीषिका से संबंधित विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में डिजिटल प्रदर्शनी के साथ विद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में भाषण, वाद–विवाद, क्विज, व्याख्यान और परिचर्चाएं आयोजित होंगी।

## ऋण वितरण

नैनीताल जिले में मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना 2.0 के तहत अब तक एक हजार 194 लोगों को ऋण वितरित किए जा चुके हैं। जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक पल्लवी गुप्ता ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष से शुरू हुई इस योजना के तहत दो हजार से अधिक स्वीकृत आवेदनों के सापेक्ष एक हजार 194 आवेदकों को बैंकों द्वारा ऋण वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना के क्रियान्वयन के मामले में यह आंकड़ा राज्य में सर्वाधिक है।

## मौसम

मौसम विभाग ने आज से अगले कुछ दिनों तक प्रदेश में तेज बारिश की चेतावनी दी है। मौसम पूर्वानुमान और चेतावनी के दृष्टिगत राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने सभी जिलों को पत्र जारी कर आवश्यक सावधानियां व तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विशेष रूप से भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना वाले क्षेत्रों में संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। आपदा प्रबंधन व पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने सभी जिलाधिकारियों और संबंधित विभागों को मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए और किसी भी आपदा की स्थिति में राहत व बचाव कार्यों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने आमजन से मौसम विभाग की चेतावनी को गंभीरता से लेते हुए अनावश्यक यात्रा से बचने और मौसम की स्थिति की जानकारी लेते रहने की अपील भी की।